देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 217 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
मुश्किल चुनौतियां



# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 5 दिसंबर 2024



मौसम | अधिकतम 22.0° | न्यूनतम 09.0° | 82924.41

2 कनाडा को अमेरिका में मिला दो

7 कप्तान रोहित कर रहे डबल शिफ्ट

# जनता से किए गए वादे पूरे करेंगे: फडणवीस

## महायुति ने राज्यपाल के सामने पेश किया सरकार बनाने का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुबंई। महाराष्ट्र में सीएम पद और सरकार गठन को लेकर चल रहा इंतजार बुधवार को खत्म हो गया। महायुति नेताओं ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। महायुति में शामिल भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता अजित पवार ने राजभवन में राज्यपाल को विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान राज्य के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी भी मौजूद रहे। देवेंद्र फडणवीस पांच दिसंबर को महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेंगे।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा। हमारे गठबंधन सहयोगी शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि मुझे महायुति के सीएम के रूप में शपथ दिलाई जाए। राज्यपाल ने सभी अनुरोध स्वीकार कर लिए हैं और हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि मैं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन किया है। एनसीपी नेता अजित पवार ने भी मेरे नाम की सिफारिश की। सीएम, डिप्टी सीएम सिर्फ तकनीकी पद हैं। पिछले ढाई साल में हमने साथ मिलकर काम किया है। आगे भी हम सब मिलकर अच्छी सरकार देने का प्रयास करेंगे। हमारा प्रयास होगा कि हमने जो वादे जनता से किए हैं वे हम पूरे करें। महाराष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प पूरा करेंगे। अन्य मंत्रियों के नाम पर आगामी बैठकों में फैसला लिया जाएगा।

फडणवीस ने कहा कि मैंने एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि महायुति कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि वह इस सरकार में हमारे साथ रहें। मुझे पूरा विश्वास है कि वह हमारे साथ रहेंगे। हम महाराष्ट्र की जनता से किए गए वादे पूरे करेंगे।



### दोनों नेता शपथ लेंगे: देवेंद्र फडणवीस

महायुति नेताओं की तरफ से की जा रही प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक संवाददाता ने एकनाथ शिंदे से सवाल पूछा कि, क्या वे अब सरकार में शामिल होने के लिए राजी हैं या नहीं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कल तक का इंतजार करो। जिसके बाद अजित पवार ने मजाकिया अंदाज में अपना पक्ष रखा फिर उस पर एकनाथ शिंदे की तरफ से चुटकी ली गई। हालांकि, आखिरी में देवेंद्र फडणवीस ने मौके को संभालते हुए स्पष्ट किया कि कोई संशय नहीं है, कल दोनों नेता शपथ लेंगे।

### दादा को सुबह–शाम शपथ लेने का अनुभव: शिंदे

पूछे जाने पर कि क्या वह और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भी कल उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, इस पर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, शाम तक इंतजार करेंश। इस पर तुरंत जवाब देते हुए एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा कि, ईशाम तक उनको समझ आएगा, मैं शपथ लूंगा, मैं इंतजार नहीं करूंगा। जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमकर ठहाके लगने लगे। इसके बाद अजित पवार के बयान की चुटकी लेते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, दादा (अजित पवार) को सुबह और शाम दोनों समय शपथ लेने का अनुभव है। एनसीपी नेता अजित पवार ने कहा कि हम सर्वोत्तम राज्य बनाने का प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा अटैक, बचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमृतसर। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में बुधवार सुबह शिरोमणि अकाली दल चीफ सुखबीर सिंह बादल पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई। हालांकि, तभी वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। आरोपी की पहचान नारायण सिंह चौरा के रूप में हुई है। नारायण सिंह चौरा आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा से जुड़ा हुआ है। शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान पर निशाना साधा है।

### असम में गोमांस खाना और परोसना बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्यभर के होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस न तो खाया जाएगा और न ही परोसा जाएगा। उन्होंने कहा है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया जाएगा। यह आदेश सभी होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक आयोजनों में लागू होगा।

# गाजीपुर बॉर्डर पर जाम में फंसे लोगों का फूटा गुस्सा

## विरोध करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जड़े थप्पड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी संभल के लिए निकले, लेकिन उन्हें पुलिस ने यूपी बॉर्डर पर ही रोक लिया। कांग्रेस नेताओं के काफिले को संभल जाने की इजाजत नहीं मिली। बुधवार को करीब दो घंटे बॉर्डर पर तनातनी के बाद राहुल और प्रियंका गांधी के काफिले को वापस दिल्ली भेज दिया गया। दोनों नेताओं के जाने के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी दिल्ली की तरफ लौट गए। राहुल और प्रियंका गांधी समेत सभी कांग्रेस सांसद संसद चले गए।

यूपी बॉर्डर पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के काफिले को रोकने के लिए सुबह से ही ट्रैफिक को रोक दिया गया था। प्रशासन की सख्ती के चलते कई लोगों को काफी परेशानी हुई। लोग अपने गंतव्य नहीं पहुंच सके। घंटों जाम में फंसे रहने की वजह से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

गुस्साए लोगों ने कांग्रेस नेताओं पर ही अपनी भड़ास निकालनी शुरू कर दी। गुस्से में लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ही भिड़ गए। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को लोगों पर थप्पड़ भी जड़ दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ मारपीट की।

इस पर गुस्साए लोगों ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। पिछले दो घंटे से ज्यादा समय से पूरे हाईवे पर जाम लगा रहा।

### मैं अकेला वहां जाने को तैयार हूं: राहुल गांधी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस मना कर रही है। नेता विपक्ष होने के नाते मेरा अधिकार बनता है वहां जाने का, लेकिन तब भी जाने नहीं दिया गया। मैं अकेला वहां जाने को तैयार हूं, लेकिन ये बात भी नहीं मानी गई। हम सिर्फ संभल जाना चाहते हैं। वहां के लोगों से मिलना चाहते हैं। लेकिन हमारा संवैधानिक अधिकार हमें नहीं दिया जा रहा। यही है नया हिंदुस्तान, जिसमें संविधान को खत्म करने का काम किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि हमने राहुल गांधी को अकेले भेजने और पुलिस के साथ जाने को कहा लेकिन पुलिस ने हमारी यह बात भी नहीं मानी।

# भारत को करना होगा शेख हसीना का प्रत्यर्पण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार और नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने शेख हसीना के शासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शेख हसीना की सरकार ने देश के संवैधानिक और न्यायिक ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। 84 वर्षीय यूनुस ने कहा कि देश में आम चुनाव तभी होंगे जब संवैधानिक और न्यायिक सुधार पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हमें अर्थव्यवस्था, शासन, नौकरशाही और न्यायपालिका में व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। इसके अलावा, उन्होंने ये भी कहा कि एक बार कोर्ट का फैसला आ जाने दो उसके बाद भारत को शेख हसीना सौंपनी होंगी।

यूनुस ने शेख हसीना पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में चल रहे मुकदमे का फैसला आने के बाद भारत से उनकी प्रत्यर्पण की औपचारिक मांग की जाएगी। उन्होंने कहा, एक बार फैसला आ जाने और सजा तय हो जाने के बाद हम भारत से उन्हें सौंपने का औपचारिक अनुरोध करेंगे। दोनों देशों के बीच इस संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय कानून मौजूद है, जिसके तहत भारत को इस पर अमल करना होगा।

यूनुस ने भारत की अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर व्यक्त की गई चिंताओं को खारिज करते हुए इसे प्रोपगेंडा करार दिया।

### आरोप

■मोहम्मद यूनुस ने हिंदुओं पर अत्याचार को बताया प्रोपगेंडा

### सुधार और नए बांग्लादेश का निर्माण

यूनुस ने कहा कि उनकी सरकार ने चुनाव प्रणाली, संविधान और न्यायपालिका में सुधार के लिए कई आयोग स्थापित किए हैं। सुधारों को लागू करने में समय लगेगा क्योंकि हम मूल रूप से एक नया बांग्लादेश खड़ा कर रहे हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अलर्ट! आ रहा नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ पहाड़ों में सघन हिमपात होगा, उत्तर भारत में बढ़ने जा रही ठंड

नई दिल्ली। भारत में एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस दस्तक देने जा रहा है, जिसकी वजह से मौसम में बदलाव आएगा। उत्तर भारत में ठंड बढ़ने वाली है। मौसम विभाग ने बताया है कि सात दिसंबर की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में आठ दिसंबर से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने जा रहा है। इसकी वजह से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में सात से नौ दिसंबर के बीच बहुत घना कोहरा देखने को मिलेगा।

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर के मौसम वैज्ञानिक महेश पहलावत का कहना है कि, आने वाले दिनों में पहाड़ों में सघन हिमपात होगा। इसके प्रभाव से उत्तरीकृपश्चिमी हवाएं मैदानी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ेगी। उम्मीद की जा रही है कि 11–12 दिसंबर के बाद ये हवाएं शुरु हो जाएगी। इन हवाओं के बाद से ही उत्तर भारत समेत अन्य राज्यों में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ेगा। फिर ये ठंड जनवरी के अंत जारी रहेगी। जबकि इस दौरान उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में बारिश भी देखने को मिलेगी। इससे ठंड में तेजी आने की संभावना है।

## न्यूज डायरी



### तस्लीमा नसरीन ने की चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर बांग्लादेश की आलोचना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने पूर्व इस्कॉन पादरी चिन्मय कृष्ण दास को जमानत देने में देरी की आलोचना की, जिनके वकील पर उनकी गिरफ्तारी के दिन सुनवाई के बाद क्रूर हमला किया गया था। बता दें कि चिन्मय दास की जमानत पर सुनवाई, जो पहले चटगाँव अदालत में होनी थी, वो अब 2 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नसरीन ने कहा, बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास के लिए कोई वकील नहीं है। जिहादियों की धरती पर हिंदू नफरत को समझने के लिए यह वाक्य ही काफी है। चिन्मय कृष्ण दास के वकील को पीटा गया। यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए हैं कि कोई भी चिन्मय कृष्ण दास का बचाव न करे। चिन्मय के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे और मनगढ़ंत हैं। चिन्मय को जेल में रखने का उद्देश्य उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है। जिहादी अपनी धरती को हिंदुओं से मुक्त करना चाहते हैं। वे अपने लक्ष्य की ओर काम कर रहे हैं। इस्कॉन कोलकाता ने आरोप लगाया कि चिन्मय दास की गिरफ्तारी के दिन उनका प्रतिनिधित्व करने वाले वकील रेगन आचार्य पर सुनवाई के बाद "क्रूरतापूर्वक हमला" किया गया। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया कि आचार्य के चैंबर में तोड़फोड़ की गई। राधारमण ने लिखा, इस वीडियो में उनके चैंबर के साइनबोर्ड पर उनका नाम बंगाली में दिखाई दे रहा है।

### तालिबान का तानाशाही फरमान, महिलाओं को नर्सिंग की पढ़ाई करने से रोका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान में जब से तालिबान की एंट्री हुई है तब से महिलाओं के खिलाफ लगातार फरमान जारी किए है। इस कड़ी में एक और फरमान जारी कर कहा है कि अफगान महिलाएं दाई का काम और नर्सिंग की पढ़ाई नहीं कर पाएंगी। बीबीसी के अनुसार अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए शिक्षा के अंतिम दो रास्ते थे, जिन पर अब तालिबान सरकार ने ताला लगा दिया है। वहीं, अफगानिस्तान स्वास्थ्य संकट काफी बिगड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने 2023 में कहा था कि अफगानिस्तान को देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 18,000 दाइयों की जरूरत है। वहीं, दाई का काम और नर्सिंग का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं ने कहा है कि उन्हें सुबह कक्षाओं में नहीं लौटने का आदेश दिया गया था और उनके बयानों की पुष्टि अफगानिस्तान में संस्थानों ने की है। हालांकि अभी तक तालिबान सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। संस्थानों का कहना है कि तालिबान ने उन्हें अगली सूचना तक संस्थान बंद करने का निर्देश दिया है। तालिबान के वादे के बावजूद कि पाठ्यक्रम को इस्लामिक सुनिश्चित करने के बाद वे अपनी शिक्षा फिर से शुरू कर देंगी, किशोर लड़कियां 2021 से शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं। कुछ शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र अन्य तरीका दाई या नर्सिंग के माध्यम से था।

### पाकिस्तान की एक और टिकटॉक स्टार का प्राइवेट वीडियो लीक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री इस समय एक के बाद एक स्कैंडल से हिली हुई है। कथित तौर पर कई सोशल मीडिया स्टार्स के प्राइवेट वीडियो ऑनलाइन लीक हो गए हैं। कथित तौर पर मिनाहिल मलिक, सामरा चौधरी, कंवल आफताब, इश्शा रहमान, और मरियम फैसल के प्राइवेट वीडियो वायरल हुए हैं। लीक वीडियो लगातार डिजिटल युग में प्राइवेट डेटा की सुरक्षा को लेकर भी चिंता पैदा कर रहे हैं। इसके अलावा पाकिस्तान में इसे लेकर सख्त कानूनों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। आइए जानें कौन से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विवादों में आई हैं। पाकिस्तानी टिकटॉक स्टार मरियम फैसल का आपत्तिजनक स्थिति में एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कथित तौर पर उनके जैसी दिखने वाली एक लड़की एक पुरुष के साथ प्राइवेट क्षण में है। वीडियो एक्स औ व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्मों पर प्रसारित हो रहा है। हालांकि इन क्लिप्स की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा मरियम फैसल ने अभी तक सार्वजनिक रूप से इस मामले पर कुछ नहीं कहा है। टिकटॉकर इश्शा रहमान इंस्टाग्राम पर पर भी मशहूर हैं। उनके लाखों फॉलोवर्स हैं।

# जैश–ए–मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर 20 साल बाद आया सामने

**रिपोर्ट**

## भारत के खिलाफ उगला जहर, पाकिस्तान में बना रहा आतंकी सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



इस्लामाबाद। भारत में आतंकी हमलों में वांटेड चल रहा आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर दो दशक में पहली बार सामने आया है। अजहर ने जैश–ए–मोहम्मद के कैडर को संबोधित किया है। आतंकी संगठन से जुड़े एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इसकी जानकारी दी। मसूद अजहर ने पाकिस्तान के अंदर दिए गए अपने ताजा संबोधन में भारत और इजरायल के खिलाफ नए सिरे से जिहादी अभियान शुरू करने की बात कही है।

रिपोर्ट के अनुसार, अजहर ने आतंकी संगठन के कैडर को दुनिया में इस्लाम का शासन लाने के लिए जिहाद में साथ देने को कहा। जैश–ए–मोहम्मद ने यह नहीं बताया कि आतंकी सरगना ने अपना भाषण किस तारीख और कहां पर दिया था। हालांकि जैश से जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्मो ने समय–समय पर मसूद अजहर के पुराने भाषण जारी किए हैं, लेकिन यह पहला ऐसा भाषण है जो निश्चित रूप से नया है, क्योंकि इसमें गाजा युद्ध का जिक्र किया गया है।

भारत के खुफिया अधिकारी के हवाले से द प्रिंट से बताया कि आतंकी सरगना का यह संबोधन संभवतः पिछले महीने के आखिर में पाकिस्तान के बहावलपुर के बाहर 1000 एकड़ में फैले उम्म–उल–कुरा मदरसा और मस्जिद परिसर में हुआ था। इमारत में प्रशासनिक ब्लॉक और कई आवासीय ब्लॉक शामिल हैं। अपने भाषण में अजहर पर आतंकवादी समूह में शामिल होने के लिए अपील करता है तो बार–बार तालियां बजती हैं। मसूद अजहर अपने संबोधन में बार–बार चिल्लाता है कि भारत, तुम्हारी मौत आ रही है।

साल 2022 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने घोषणा की थी कि मसूद अजहर अफगानिस्तान भाग गया है। यह घोषणा तब की गई थी, जब पाकिस्तान एफएटीएफ की आतंकी वित्त निगरानी सूची से अपना नाम निकालने में सफल हुआ था। साल 2003 में जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी समूह ने पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ की हत्या की कोशिश की थी। इसके बाद से अजहर के सार्वजनिक रूप से आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

अजहर 2001 में भारतीय संसद पर हुए आतंकवादी हमले का मास्टरमाइंड है। इस मामले में उसे पाकिस्तान की जेल में डाला गया था, लेकिन उस पर कभी मुकदमा नहीं चलाया गया। साल 2016 में पाकिस्तानी अधिकारियों ने गिरफ्तारी को सुरक्षात्मक हिरासत बताया था। हालांकि, इस बारे में कभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया कि उसे सुरक्षात्मक हिरासत से कब रिहा किया गया और अफगानिस्तान की उसकी कथित यात्रा किन परिस्थितियों में हुई थी।

## दक्षिण कोरिया में पहले लगाया फिर आदेश लिया वापस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** सियोल। दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाने का एलान किया गया था लेकिन अब दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने बुधवार तड़के आपातकालीन मार्शल लॉ को हटाने की घोषणा कर दी है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने कहा है कि विपक्ष उत्तर कोरिया के साथ खड़ा है, ऐसे में देश की सुरक्षा सबसे जरूरी हो जाती है। राष्ट्रपति यून सुक योल ने मंगलवार को देश के नाम एक संबोधन दिया और उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

उनकी तरफ से कहा गया कि देश का विपक्ष अब उत्तर कोरिया के साथ मिल चुका है और वो उसके प्रति सहानुभूति दिखाने लगा है। मार्शल लॉ किसी भी देश में सरकार द्वारा घोषित एक न्यायिक व्यवस्था होती है। इसमें सैन्य बलों को एक क्षेत्र पर शासन और नियंत्रण करने का अधिकार दिया जाता है। यह जरूरी नहीं होता कि मार्शल लॉ पूरे देश में ही लागू हो। इसे देश के किसी भी छोटे हिस्से में लगाया जा सकता है और इसे ही सैनिक कानून कहा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार नेशनल असेंबली द्वारा मार्शल लॉ को समाप्त करने के लिए वोट करने के बाद उन्होंने यह फैसला लिया। यून की कैबिनेट ने मार्शल लॉ प्रवर्तन को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।



### चीन के आगे नहीं झुके नेपाली पीएम ओली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की यात्रा पर पहुंचे नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बड़ा झटका दे दिया है। नेपाल ने साफ कर दिया है कि वह शी जिनपिंग के ड्रीम प्रॉजेक्ट बेल्ट एंड रोड पर अपनी शर्तों के हिसाब से हस्ताक्षर करेगा। नेपाल के इस सख्त रुख के बाद चीन भड़क गया और इस वजह से बीआरआई पर समझौते को अंतिम समय में टाल दिया गया। नेपाली अधिकारियों का कहना है कि इस समझौते के शर्तों पर पर लगभग सहमति बन गई थी लेकिन आखिरी समय में चीन ने इसका विरोध कर दिया। इससे भड़के चीन ने पोखरा एयरपोर्ट के कर्ज को माफ करने की नेपाल की मांग पर फैसले को टाल दिया। अब दोनों देशों ने कहा है कि जल्द ही बीआरआई और सीमापार कनेक्टिविटी के समझौते पर हस्ताक्षर किया जाएगा।

# अगर दिक्कत है तो कनाडा को अमेरिका में मिला दो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### डोनाल्ड ट्रंप ने जस्टिन ट्रूडो को दिया खुला ऑफर

नई दिल्ली। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। मगर इस दौरान ट्रंप ने ट्रूडो को ऐसा ऑफर दे दिया, जिसकी दुनियाभर में चर्चा हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूडो से कहा कि अगर 25 फीसदी टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था को खतरा है तो कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना दीजिए। भले ही डोनाल्ड ट्रंप ने यह बात मजाक में कही। मगर अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के मुंह से निकली इस बात के अपने मायने हैं। सोशल मीडिया पर भी लोग इसे मजाक के रूप में नहीं ले रहे हैं। हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने डोनाल्ड ट्रंप से मार–ए–लागो में मिले।

यह मुलाकात ट्रंप के कनाडा पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बाद हुई। फॉक्स न्यूज के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के साथ डिनर पर जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि 25 फीसदी टैरिफ का प्रस्ताव कनाडा की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने जस्टिन ट्रूडो से कहा कि कनाडा ने 70 से अधिक देशों के अवैध अप्रवासियों समेत बड़ी मात्रा में ड्रग्स और लोगों को सीमा पार करने की अनुमति देकर अमेरिकी सीमा को विफल कर दिया है। इसके बाद व्यापार घाटे पर बात हुई तो ट्रंप ने कहा कि कनाडा के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा 100 बिलियन डॉलर से अधिक है। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा सीमा मुद्दों और व्यापार घाटे को ठीक नहीं करता है तो वह पद ग्रहण करने के पहले दिन से ही सभी कनाडाई वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगा देंगे।

बातचीत के दौरान ट्रूडो ने ट्रंप से कहा कि वे टैरिफ नहीं लगा सकते हैं, क्योंकि इससे कनाडा की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इसके जवाब में ट्रंप इसके बाद ट्रंप ने ट्रूडो को सुझाव दिया कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए। ट्रंप की यह बात सुनकर जस्टिन ट्रूडो और अन्य लोग घबरा गए। ट्रंप ने ट्रूडो से यह भी कहा कि प्रधानमंत्री एक बेहतर पद है। मगर वे अब भी 51वें राज्य के गवर्नर बन सकते हैं।

### यूरोप में चल रही तीसरे विश्वयुद्ध की तैयारी!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस और यूक्रेन का युद्ध पूरे यूरोप में फैल सकता है। नाटो और उसके सदस्य देश रूस के साथ युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। यह तीसरे विश्वयुद्ध के खतरे को बढ़ाने वाला है। रूसी सेना की ओर से आने वाले भविष्य में उसकी सीमा के करीब के देशों पर हमले की चेतावनी दी जा रही है। इस कारण यूरोप के देशों में रक्षा से जुड़े उपायों की झड़ी लग गई है। जर्मनी की विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ब्रूनो कहल ने नवंबर के अंत में कहा, रूस पश्चिमी देशों के साथ युद्ध की तैयारी कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि नाटो के कारण यह एक बड़ा हमला नहीं करेगा। नाटो पूर्ण युद्ध और गठबंधन के सदस्यों को कमजोर करने के लिए उठाए गए कदम के लिए तैयारी में जुटा है।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को सबके समक्ष रखाः मुख्यमंत्री

**विमोचन**

## सीएम ने प्रकाश सुमन ध्यानी द्वारा लिखित पुस्तक 'उपनिषदीय दर्शन बोध' का किया विमोचन

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रकाश सुमन ध्यानी द्वारा लिखित पुस्तक 'उपनिषदीय दर्शन बोध' का विमोचन किया। पुस्तक विमोचन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूरी भूषण एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक के लेखक प्रकाश सुमन ध्यानी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भारतीय वैदिक दर्शन और सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में एक नई पहचान स्थापित कर रहे हैं। इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने उपनिषद के जटिल और गूढ़ रहस्यों को साधारण तरीके से लिखा है। भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को सबके समक्ष रखा है। उपनिषद भारतीय संस्कृति और दर्शन की अमूल्य निधि है, जिसने संपूर्ण विश्व को ज्ञान और चेतना का मार्ग दिखाया है। हमारी ज्ञान परंपरा संपूर्ण विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में मानती है। उपनिषद आध्यात्मिक चिंतन के स्रोत के साथ ही मानवता को व्यावहारिक जीवन दृष्टि भी प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से ज्ञान–विज्ञान आगे बढ़ रहा है, तब उपनिषदों और वेदों का ज्ञान हमारे लिए और भी प्रासांगिक हो जाता है। जीवन में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भौतिकवाद की चकाचौंध के बीच में आत्मा और ब्रह्मा की खोज निश्चित रूप से हमें प्रेरणा देने का कार्य करेगी। यह पुस्तक सभी को आत्म विकास, आत्म चिंतन और स्वयं की खोज के लिए भी प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश देवभूमि होने के साथ ही आध्यात्मिक चिंतन का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानन्द और ऋषि–मुनियों ने इस पुण्य धरा को अपनी शरण स्थली बनाया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक हमारी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि श्री प्रकाश सुमन ध्यानी ने जीव विज्ञान की पढ़ाई कर आत्मज्ञान तक पहुंचकर 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक लिखी इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि उपनिषद जैसे विषय पर व्याख्यान करना बड़ी बात है। आज भारत की आस्था, निधि और गौरव 'अध्यात्म' की ओर आज पूरी दुनिया आ रही है। उन्होंने कहा कि भारत के मूल में आध्यात्मिक इंटेलिजेंस है।

विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूरी भूषण ने कहा कि 'उपनिषदीय दर्शन बोध' पुस्तक के माध्यम से लेखक ने आम जनमानस को उपनिषद और वेदों से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है। हमारे वेद उपनिषद और प्राचीन ग्रंथ 21वीं सदी की आवश्यकता बन रहे हैं।

# न्यूज डायरी

## सोमेश्वर महादेव प्रांगण में दर्शकों की उमड़ी भीड़, चढ़ाई सोने की माला

**संवाददाता** पुरोला। रंवाई घाटी के रामा सिराईं क्षेत्र के समाधी मठ गांव में कफुवा मेले में आयोजित मेले में ईष्ट देवता को गांव की ध्यांटूडीयों (विवाहिता लड़कियों) ने स्वर्णिम माला का चढ़ावा देकर मैती इष्टदेव सोमेश्वर महादेव से आशीर्वाद लिया। बुधवार को पुरोला रंवाई घाटी के समाधी मठ प्रांगण में आयोजित मेले में गांव की विवाहित लड़कियों ने आपसी आर्थिक सहयोग जुटाकर सोने व मणियों से निर्मित माला भेंट की व आशीर्वाद लेकर अपने गांव परिवार की शुख शांति की मन्नते माँगी। विशेष मेले के आयोजन में जंहा ग्रामीणों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। वहीं रामासिराई, कमलसिराई, बनाल आदि क्षेत्रों से आये सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सोमेश्वर महादेव देवता के दर्शन कर पारम्परिक रासों तांदी में प्रतिभाग कर खूब लुफ्त उठाया। आयोजित कार्यक्रम में लोक गायिका रेशमा शाह ने प्रस्तुतियां देकर समा बांधी। दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश लाल ने सभी गांव की ध्याणियों को शुभकामनाएं दी व अपनी विधायक निधि से मंदिर समिति को मंदिर सौंदर्यकरण के लिए धनराशि भेंट की।

## 14 दिसम्बर को ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

**संवाददाता** चमोली। 14 दिसम्बर को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कॉलेज गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न सरकारी एवं निजी स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण विषयों पर निबंध लेखन, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। और ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने साल 2025 के लिए जारी किया मार्केट आउटलुक

**संवाददाता** देहरादून। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने साल 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। कोटक म्यूचुअल फंड ने अपनी इस रिपोर्ट में अगले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक–आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं। मौजूदा बाजार स्थितियों को देखते हुए फिक्स्ड इनकम इन्वेस्टमेंट का आकर्षण तेजी से बढ़ रहा है। पोर्टफोलियो के एक हिस्से को फिक्ध्स्ध्ड इनकम विकल्पों में निवेश करने से जोखिम को कम करने के साथ ही पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान करने में मदद मिल सकती है।

# सभी राशन कार्ड धारकों का होगा सत्यापन 10 तक अभिलेख जमा कराने की अपील

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद के अंतर्गत आरसीएमएस ऑनलाइन पोर्टल पर यू स्टेटस में प्रदर्शित हो रहे राशन कार्ड धारकों को आगामी 10 दिसंबर तक उनसे संबंधित सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान में आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे ताकि राशन कार्ड धारकों का सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जा सके।

जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राज्य खाद्य योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राथमिक व अंत्योदय परिवारों के द्वारा राशन कार्ड के सत्यापन हेतु वांछित अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने से यू स्टेटस में प्रदर्शित हो रहे राशन कार्डों का सत्यापन किया जाना है। उन्होंने बताया कि जनपद में प्राथमिक परिवार के 306 राशन कार्ड अंत्योदय के 65 राशन कार्ड (136 यूनिट) तथा राज्य खाद्य योजना के 944 राशन कार्ड (3182 यूनिटें) सत्यापन हेतु अवशेष हैं।

उन्होंने बताया कि आरसीएमएस ऑनलाइन पोर्टल पर यूस्टेटस में प्रदर्शित हो रहे उक्त राशन कार्ड धारकों से अपील करते हुए कहा कि सभी राशन कार्ड धारक उनसे संबंधित सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान में अपना आधार कार्ड, मुखिया का फोटो एवं वोटर कार्ड, बैंक खाता छायाप्रति व मोबाइल नंबर आदि अभिलेख आगामी 10 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से जमा करवा दें ताकि उनके राशन कार्ड व यूनिटों का सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिन राशनकार्ड धारकों द्वारा निर्धारित तिथि तक सत्यापन हेतु अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे उन राशन कार्ड धारकों का कार्ड व यूनिट निरस्त कर दिए जाएंगे।



## नेशनल वॉक रेस में पदक जीतने पर अमन ठाकुर को किया सम्मामित

**संवाददाता** चमोली। सीमांत जनपद चमोली के अमन ठाकुर ने 60वीं विद्यालयी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत अंडर–17 वॉक रेस इवेन्ट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालयी राष्ट्रीय खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बुधवार को जिलाधिकारी संदीप तिवार ने एथलीट अमन ठाकुर, उनके कोच गोपाल सिंह बिष्ट और स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश मैठाणी को सम्मानित किया और खिलाड़ी अमन ठाकुर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। एथलीट अमन ठाकुर अभी राजकीय इंटर कॉलेज बैरांगना में 12वीं कक्षा का छात्रा है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ में संपन्न हुई विद्यालयी राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अंडर–17 की 05 किलोमीटर वॉक रेस प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, स्पोटर्स समन्वय केसी पंत, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार आदि मौजूद थे।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

### जिलाधिकारी ने की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यो की समीक्षा

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत संचालित सड़क निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संचालित सड़क एवं ब्रिज निर्माण कार्यो में तेजी लाते हुए समय से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क एवं ब्रिज निर्माण कार्यो में पर्याप्त संख्या में श्रमिक एवं मशीनरी लगाते हुए निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्रान्तर्गत सड़क निर्माण कार्यो की नियमित देखरेख करें और अधीक्षण अभियंता के स्तर पर निर्माण कार्यो की नियमित समीक्षा की जाए। पीएमजीएसवाई के कतिपय सड़कों पर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने और निर्माण कार्यो की गुणवत्ता और प्रभावित लोगों को प्रतिकर भुगतान न किए जाने की शिकायतें मिलने पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए निर्धारित शर्तो एवं बांड के अनुसार जो ठेकेदार काम नही कर रहे है, उनके खिलाफ जुर्माना लगाने के साथ कार्रवाई की जाए। सड़कों पर गढढे भरान, नाली, स्कवर, पुस्ता निर्माण से जुड़ी जन शिकायतों का त्वरित समाधान करें। सड़क निर्माण से प्रभावित लोगों की भूमि का मुआवजा समय पर वितरण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि हल्के वाहनों के लिए बनाई गई पीएमजीएसवाई की सड़कों पर साइनबोर्ड लगाया जाए और फिर भी वहां पर भारी वाहन चलाने से सड़क क्षतिग्रस्त होती है तो संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के सभी डिवीजनों में कार्यो की विस्तार से प्रगति समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

पीएमजीएसवाई के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में सभी डिवीजनों के अंतर्गत 284 स्वीकृत कार्यो में से 248 कार्य पूर्ण हो गए है और 32 सड़क निर्माण के कार्य चल रहे है।

## निबाव होम लिफ्ट्स ने शुरू किया सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र

**संवाददाता** देहरादून । एशिया की सबसे बड़ी होम एलेवेटर ब्रांड, निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र शुरू किया है। इस रणनीतिक कदम के साथ, कंपनी अपनी कुल उत्पादन क्षमता को 7,500 यूनिट से बढ़ाकर 15,000 यूनिट प्रति वर्ष करने जा रही है। एसआईपीसीओटी, इरुंगट्टुकोट्टई में स्थित यह अत्याधुनिक संयंत्र 1,00,000 वर्ग फुट में फैला है और विशेष रूप से कंपनी की नई होम एलेवेटर रेंज, निबाव सीरीज–4 का उत्पादन करेगा। इस पहल के माध्यम से कंपनी क्षेत्र में विभिन्न विभागों में 450 रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगी। नया संयंत्र उच्च दक्षता वाली निर्माण लाइनों और पैकेजिंग सुविधाओं से लैस है जो संसाधनों की बर्बादी को कम करता है।

*कुछ कर सकने में सफलता आती है और कुछ ना कर सकने में असफलता आती है।*
*-अज्ञात*



विचार-प्रवाह देहरादून, गुरूवार, 5 दिसंबर 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# मुश्किल चुनौतियां

**आरोपों की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। यह बात सही है कि सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन की जांच-पड़ताल आखिरकार कहां पहुंचेगी इस बारे में फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता**

अनुज श्रीवास्तव।।

देश के जाने माने अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और भारत में अधिकारियों को रिश्वत देने के ताजा आरोपों ने एक बार फिर राजनीति से लेकर बाजार तक सबको हिला दिया है। हालांकि ये अभी आरोप ही हैं, जिनका अडाणी ग्रुप ने खंडन किया है।

इस ग्रुप से जुड़ा पिछला विवाद अमेरिका के ही एक प्राइवेट एनालिस्ट फर्म हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर था, जिसमें इस ग्रुप पर अपने शेयरों के भाव गलत ढंग से चढ़ाने का आरोप लगाया गया था। मगर इस बार मामला किसी प्राइवेट पार्टी का नहीं बल्कि अमेरिकी नियामक सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन का है। अमेरिकी अभियोजकों के मुताबिक, अडानी ग्रुप ने भारत में अपने सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल करने के लिए अधिकारियों को करीब 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत दी और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह किया।



आरोपों की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। यह बात सही है कि SEC की जांच-पड़ताल आखिरकार कहां पहुंचेगी इस बारे में फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता और यह भी कि SEC के साथ विवाद में पड़ने वाली कंपनियों की सूची में सीमेंस, पेट्रोब्रास, हॉलिबर्टन और गोल्डमैन सैक्स जैसे बड़े-बड़े नाम शामिल रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अडानी ग्रुप की आगे की राह आसान साबित होने वाली है।

ताजा विवाद का पहला प्रत्यक्ष प्रभाव यह हो सकता है कि अमेरिका में निवेश जुटाना इस ग्रुप के लिए कम से कम आने वाले कुछ समय के लिए खासा मुश्किल हो जाए। अन्य देशों में भी इसके प्रॉजेक्ट्स के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसका उदाहरण केन्या से आई वह खबर है, जिसके मुताबिक वहां की सरकार ने SEC के आरोपों के बाद अडानी ग्रुप से जुड़ी करीब 2.5 बिलियन डॉलर की डील कैंसल कर दी।

जहां तक भारत के अंदर के सिस्टम और उसके निगरानी तंत्र की बात है तो इस विवाद ने उस पर वाजिब सवाल खड़े किए हैं। लेकिन यहां इस तरह की अनियमितताओं के आरोप नए नहीं हैं। सारे आरोप सही नहीं साबित होते, लेकिन ऐसे तमाम मामलों में एक बात कॉमन रहती है कि कंपनियां या ग्रुप नियम-कानूनों को अपने मुताबिक तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश करते हैं और सरकारी अधिकारी व नेता इसमें उनकी पूरी मदद करते हैं। अफसोस की बात यह है कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने की कोई उम्मीद अभी भी नजर नहीं आ रही है।

## ईमानदारी

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** मुझे दूसरा रोटी भी चाहिए ताकि मेरा पेट भर जाए और उसके बाद ब्राह्मण दूसरा रोटी भी दे देता है और उसी तरह से उन्होंने दूसरा रोटी भी कुत्ते को खिला देता है। सभी खाना कुत्ते को खिलाने के बाद वह भूखे ही आगे की तरफ चल बढ़ता है। आगे चलते चलते वह उस सेठ के पास पहुंच जाता है जो ईमानदारी को खरीद लेता था उसके बदले में उसे बहुत सारा धन दौलत दिया करता है। जब वह सेठ के पास पहुंचता है तो गरीब ब्राह्मण कहता है कि मेरे पास बहुत सारी ईमानदारी है क्या तुम मेरे लिए ईमानदारी खरीद कर मुझे कुछ पैसे दोगे। उस सेठ की पत्नी बहुत ज्यादा पढ़ी लिखी हुई चाहिए इसी कारण से वह लोगों की ने किया खुद से ही देख लिया करते थे। जैसे ही बुड्ढा बरामा उसके पास पहुंचता है वह अपनी पत्नी को कहती है कि जरा देख कर बताओ कि इनके पास कौन-कौन से ईमानदारी है। **...शेष कल**

# संपादकीय

## यादगार कदम

जस्टिस चंद्रचूड़ के कार्यकाल में किए गए कई अहम प्रशासनिक फैसले भी गौर करने लायक हैं। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ रूढ़िवादी शब्दावली के इस्तेमाल को रोकने, अदालती कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग, न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटाने जैसे कई कदम उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने 28 सितंबर 2018 को केरल के सबरीमला मंदिर में हर उम्र की महिलाओं के प्रवेश की इजाजत दी। महिलाओं के मंदिर में प्रवेश पर रोक को लिंग के आधार पर भेदभाव वाली प्रथा करार देते हुए कोर्ट ने कहा था कि यह हिंदू महिलाओं के मौलिक अधिकार का हनन है। 27 सितंबर 2018 को एडल्टरी कानून को सुप्रीम कोर्ट ने गैर-संवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एडल्टरी कानून महिला को पति का गुलाम और उसकी संपत्ति की तरह बना देता है। जस्टिस चंद्रचूड़ इस फैसले का पार्ट थे। इतिहास जब उनके कार्यकाल को देखेगा तो निश्चित तौर पर उनके दूरगामी असर वाले फैसलों को याद करेगा क्योंकि तमाम जटिल और संवैधानिक मसले पर न केवल न्याय हुआ बल्कि न्याय होता हुआ दिखाई भी दिया।

रिटायर होने से कुछ दिन पहले ही जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि वह इस बात को लेकर फिक्रमंद हैं कि उनके कार्यकाल को लोग किस तरह से याद करेंगे।

# किस तरह से करेंगे याद

राजेश चौधरी।।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ के दो साल का कार्यकाल 10 नवंबर को खत्म हो गया। उनके विदाई कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट बार असोसिएशन के प्रेसिडेंट कपिल सिब्बल ने एक अहम बात कही कि चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपने कार्यकाल में बेहद जटिल मुद्दों पर विचार किया और उन पर फैसले दिए। रिटायर होने से कुछ दिन पहले ही जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि वह इस बात को लेकर फिक्रमंद हैं कि उनके कार्यकाल को लोग किस तरह से याद करेंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के जज और चीफ जस्टिस के तौर पर दिए गए उनके अहम फैसलों पर एक सरसरी नजर डालना अच्छा होगा। 25 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुआई वाली 9 जजों की बेंच ने कहा कि संविधान के तहत राज्यों के पास यह विधायी अधिकार है कि वे खदानों (माइंस) और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगा सकें।

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति और जनजाति के भीतर राज्य सरकार उपवर्ग बनाकर रिजर्वेशन का लाभ दे सकती है। ब्श्रप् चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने 6रू1 के बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि राज्यों के पास आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में



उप-वर्गीकरण करने की शक्तियां हैं।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की बेंच ने एक और अहम मामले में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा निरस्त करने के राष्ट्रपति के फैसले को वैध करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद-370 अस्थायी था। उनकी अगुआई में पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीतिक पार्टियों को दिए जाने वाले चंदे के लिए तय इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को खारिज कर दिया। इसे गैर-संवैधानिक करार देते हुए सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि वह राजनीतिक पार्टियों द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड को कैश कराए जाने से संबंधित तमाम ब्योरे सार्वजनिक करे।

सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की संवैधानिक बेंच ने 24 अगस्त 2017 को आपातकाल के दौरान 1976 में 5 सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट की बेंच के उस फैसले को गलत बताया जिसमें कहा गया था कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद-21 (जीवन और व्यक्तिगत आजादी) को निलंबित किया जा सकता है। दिलचस्प है कि 1976 में पांच जजों की उस बेंच में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के पिता जस्टिस वाईवी चंद्रचूड़ भी शामिल थे। उस फैसले की समीक्षा करने वाली 9 जजों की बेंच में जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ भी थे। 28 सितंबर 2018 को जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा था कि असहमति वाइब्रेंट डेमोक्रेसी की पहचान है। भीमा कोरेगांव वॉयलेंस केस में पांच ह्यूमैन राइट्स एक्टिविस्ट की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में उन्होंने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असहमति लोकतंत्र का सेफ्टी वॉल्व है और अगर आप इसकी इजाजत नहीं देंगे तो प्रेशर वॉल्व फट जाएगा।

9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या मामले में फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 2.77 एकड़ की विवाद वाली जमीन पर ही राम मंदिर का निर्माण होगा। कोर्ट ने केंद्र को आदेश दिया था कि उस जगह मंदिर निर्माण के लिए तीन महीने में ट्रस्ट बनाए और विवादित जमीन को इस ट्रस्ट को सौंपने की योजना भी तैयार करे। पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने यह फैसला दिया था और इस बेंच का पार्ट जस्टिस चंद्रचूड़ भी रहे थे।

### अष्टयोग-5078

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 7 | |
| | 25 | 7 | 32 | | 36 | |
| | 2 | | 6 | 3 | | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | | 33 | |
| | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | | 30 | |
| | 5 | | 3 | 2 | 7 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5077 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | 1 | 28 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 35 | 3 | 35 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 33 | 1 | 31 | 5 | 30 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### समलैंगिकता अपराध नहीं

**मोहन।** 6 नवंबर 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बालिगों के बीच सहमति से बनाए गए समलैंगिक संबंध अपराध नहीं होंगे। इस प्रावधान को सुप्रीम कोर्ट ने गैर-संवैधानिक करार दिया और इसे समानता और जीवन के अधिकार का उल्लंघन बताया था। जस्टिस चंद्रचूड़ बेंच का हिस्सा थे। 23 सितंबर 2024 को चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और उसे देखना दोनों ही पोक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुएअल ऑफेंस एक्ट) के तहत अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया था कि वह कानून में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द के बदले चाइल्ड सेक्सुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लोआइटिव मटीरियल शब्द का प्रयोग करे।






## एस्पिरेंट्स के नवीन कस्तूरिया ने की चट मंगनी पट ब्याह

एस्पिरेंट्स और पिचर्स से फेमस हुए एक्टर नवीन कस्तूरिया ने राजस्थान के उदयपुर में लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड शुभांजलि शर्मा के साथ शादी कर ली। इस मौके पर उनके को–एक्टर्स और दोस्त अमोल पाराशर, नमिता दुबे, सनी हिंदुजा और शिवांकित सिंह परिहार के अलावा अरुणाभ कुमार भी मौजूद रहे। अमोल ने मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर शादी की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिसके बाद नवीन ने भी शादी की ऑफिशियल फोटोज पोस्ट कीं। नवीन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खास पल की दो तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में उन्हें सिंदूर लगाते हुए देखा जा सकता है और दूसरी में दोनों फेरे लेते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो शादी की परंपरा का हिस्सा है। नवीन ने शेरवानी पहनी थी। साथ में ब्राउन दुपट्टा भी पहना था। एक्टर ने इसे लेयर्ड पर्ल नेकलेस और पगड़ी के साथ पेयर किया था। और केप्शन में लिखा, चट मंगनी पट ब्याह! उनके दोस्त और एक्टर अमोल पाराशर ने भी शादी की कुछ झलक दिखाई, जिसमें उनके सभी दोस्त और परिवार मौजूद थे। उन्होंने नवीन का एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें वह अपनी बारात के दौरान दिल खोलकर नाच रहे थे, जिसमें उनके दोस्त भी शामिल थे।

## 3 बच्चों की मां पायल मलिक के आगे फीकी पड़ीं कृतिका मलिक

यूट्यूबर और शबिग बॉस ओटीटी 3श की एक्स कंटेस्टेंट्स रह चुकीं पायल मलिक और कृतिका मलिक ने शो में खूब लाइमलाइट बटोरी और बाहर आने के बाद भी ये चर्चा में बनी हुई हैं। दोनों सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और वहां रील्स शेयर करती हैं। जहां पायल 3 बच्चों की मां हैं। वहीं, कृतिका का एक बेटा है। बावजूद इसके अरमान की दूसरी बीवी का पलड़ा खूबसूरती में तीसरी बीवी पर भारी पड़ ही जाता है। पायल और कृतिका अक्सर जिम करने के दौरान का वीडियो शेयर करती हैं। जहां वह अपनी अदाओं का जलवा भी बिखेती हैं। अब ऐसा ही वीडियो दोनों ने 3 दिसंबर को भी सेयर किया। जहां नीले रंग के टॉप और काले रंग के शॉर्ट्स में पायल जिम करती दिखाई दीं। वहीं, सफेद रंग के जिम आउटफिट्स में कृतिका वर्काउट करती दिखाई दीं। अब लोगों ने एक की तो जमकर तारीफ की। वहीं, दूसरी की आलोचना कर दी। पायल के वीडियो पर एक यूदर ने लिखा, दीदी आप बहुत अच्छे हो। एक ने कहा, आप बहुत मेहनत करते हो। एक ने लिखा, पायल मलिक को सहानुभूति की जरूरत नहीं।


## पुष्पा 3: अल्लू अर्जुन की फिल्म का आएगा एक और पार्ट



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर पुष्पा 2: द रूल 5 दिसंबर, 2024 को बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि इसके तीसरे पार्ट को लेकर खबरें थीं कि इसका एक और पार्ट होगा, जिसकी अब ऑफिशियल पुष्टि हो गई है। फिल्म का नाम पुष्पा 3: द रैम्पेज रखा गया है। मूवा का पोस्टर भी सामने आया है, जिसके बाद को फैंस के बीच खलबली ही मच गई है। मनोबाला विजयबालन की तरफ से एक्स हैंडल पर शेयर की गई तस्वीर में, साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी और बाकी क्रू फिल्म के तीसरे पार्ट के टाइटल वाली स्क्रीन के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। और जिसमें बड़े–बड़े अक्षरों में लिखा है, पुष्पा 3। बता दें कि ऑस्कर विजेता साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी ने ही पहले ये फोटो पोस्ट की थी लेकिन बाद में डिलीट कर दी थी। दिलचस्प बात यह है कि 2022 में विजय देवरकोंडा ने निर्देशक सुकुमार के जन्मदिन पर तीसरे सीक्वल का जिक्र किया था। इससे यह अनुमान लगाया गया है कि अल्लू अर्जुन–रश्मिका मंदाना स्टारर इस तीसरी किस्त में विजय शायद विलेन के रोल में दिखाई दे सकते हैं या फिर एक्टर के बेटे का रोल भी कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। एक्टर ने डायरेक्टर के साथ एक फोटो शेयर की थी और उसमें उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए फिल्म का नाम लिखा था।

# शाहिद कर रहे थे स्ट्रगल लेकिन नहीं मांगी पापा से मदद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर ने हालिया में दिए एक इंटरव्यू के कारण लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। दिल टूटने से लेकर करियर, शादी, बीवी और निजी जिंदगी के बारे में खुलकर बात की है। एक्टर ने पत्रकार फेय डिसूजा से बातचीत में ईशान खट्टर के जन्म के बाद के समय के बारे में बताया। उनके मुताबिक, वह उस वक्त स्ट्रगल कर रहे थे। वहीं, सभी मां नीलिमा अजीम के साथ किराए के घर में रह रहे थे। और पिता से मदद न मांगने पर गर्व महसूस करते थे।*

**बेटे ईशान की देखभाल के लिए नीलिमा ने छोड़ा था काम**

शाहिद कपूर ने इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दौर के बारे में बात की और कहा, मैं अपने पिता को जानता था और मेरे बीच अच्छी बॉन्डिंग थी, लेकिन मैं अपनी मां के साथ तब से था जब मैं 3 साल का था। जब ईशान का जन्म हुआ, तब मैं 14 साल का था और मां ने काम करना बंद कर दिया था क्योंकि उन्हें अपने बेटे की देखभाल करनी थी।

**ईशान जब पैदा हुए तो शाहिद 14 साल के थे**

शाहिद ने आगे बताया, शईशान के जन्म के वक्त उनकी उम्र 35–36 साल थी और उस उम्र में बच्चे को जन्म देना आसान नहीं। और एक कामकाजी महिला होने के नाते, 14 साल के बेटे के साथ, मुंबई में रहना, यह उनकी दूसरी शादी जैसे थी... उस समय उनके साथ बहुत कुछ हो रहा था। ऐसा नहीं था कि वह एक कॉल करके मुझे काम दिला सकती थीं। वह खुद ही काम पर वापस जाने की कोशिश कर रही थीं और यह आसान नहीं था। लोग आपको भूल जाते हैं।



**नीलिमा अजीम अकेले सब सम्भाल रही थीं**

शाहिद ने आगे कहा, वह उन सभी चीजों को बैलेंस करने के लिए स्ट्रगल कर रही थी, और हम किराए के घरों में रह रहे थे। मेरे पिता के साथ मेरा ऐसा रिश्ता नहीं था कि मैं उनसे ऐसे कोई मदद नहीं मांग सकता था। हालांकि मेरा उनके साथ बहुत अच्छा रिश्ता था, लेकिन मैं पूछना नहीं चाहता था। वह हमेशा सलाह और गाइडेंस के लिए मौजूद थे, लेकिन मैं यह अपने दम पर करना चाहता था। मुझे इस बात पर बहुत गर्व था। मेरे लिए यही एकमात्र रास्ता था।

**शाहिद कपूर की फिल्में**

शाहिद ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत सुभाष घई की फिल्म श्तालश (1999) में एक बैकग्राउंड डांसर के रूप में की थी। चार साल बाद, उन्होंने इश्क विश्क (2003) में लीड रोल मिला और उन्होंने डेब्यू किया। इसके लिए फिल्मफेयर बेस्ट मेल डेब्यू का अवार्ड भी जीता था। इसके बाज तो उन्होंने कई शानदार फिल्में दीं। अपने डांस से तो लोगों को अपना दीवाना बनाया ही। अभिनय से भी दिल जीता। अब वह 31 जनवरी, 2025 में देवा में दिखाई देंगे।

# विक्रांत मैसी नहीं हो रहे रिटायर, लोगों ने मैसेज को गलत ढंग से पढ़ा

*विक्रांत मैसी ने रिटायर होने की बात नहीं कही है, बल्कि वे फिल्मों से ब्रेक ले रहे हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में बताया कि वे बर्न आउट हो चुके हैं और अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए यह निर्णय लिया है। विक्रांत ने कहा कि वे 2025 में वापसी करेंगे और तब तक घर पर समय बिताएंगे।*



**विक्रांत ने कहा- मैं रिटायर नहीं हो रहा हूं**

हालांकि, इस बातचीत में उन्होंने ऐसा कुछ नहीं बताया कि उन्हें किसी तरह की बीमारी तो नहीं। उन्होंने न्यूज18 को दिए इंटरव्यू में पूरी बात साफ–साफ बताई है। एक्टर ने कहा, श्मैं रिटायर नहीं हो रहा हूं, बस थक गया हूं और मुझे इस वक्त एक लंबे ब्रेक की जरूरत है। घर की याद आती है और स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, लोगों ने मेरी बातों को गलत समझा है। बता दें कि अपने सोशल मीडिया पोस्ट में विक्रांत ने लिखा, नमस्ते, पिछले कुछ साल और उससे पहले का समय शानदार रहा है। मैं आप सभी को आपके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। लेकिन जैसे–जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मुझे एहसास हुआ कि ये समय फिर से संभलने और घर वापसी का है। एक पति, पिता और बेटे के रूप में। एक एक्टर के रूप में भी। इसलिए 2025 में, हम एक–दूसरे से आखिरी बार मिलेंगे। जब तक समय सही न लगे। आखिरी 2 फिल्में और कई सालों की यादें। फिर से धन्यवाद। हर चीज के लिए और बीच में जो कुछ भी हुआ उसके लिए। हमेशा आभारी रहूंगा!

**जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर दिखाया**

वहीं रिटायरमेंट की खबरों के बीच विक्रांत मैसी की अगली फिल्म जीरो से रीस्टार्ट की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इसे विधु विनोद चोपड़ा के ऑफिशियल इंस्ट्ग्राम पर जीरो से रीस्टार्ट का ऑफिशियल ट्रेलर बताया गया है। बता दें कि फिल्म के नाम से ही एक बार सोशल मीडिया यूजर्स का माथा ठनका कि कहीं उनका ये पोस्ट इस फिल्म से जुड़ा कोई पब्लिसिटी स्टंट तो नहीं! इस फिल्म का ट्रेलर वास्तव में ट्रेलर कम और श12वीं फेलश का प्रमोशन ज्यादा दिख रहा है, जिसमें विधु विनोद चोपड़ा कहते दिख रहे हैं– ये फिल्म तो बनने ही नहीं वाली थी, लोग कहते थे कि आपकी और विक्रांत की फिल्म देखने कोई नहीं आने वाला। इन झलकियों को देखकर लोगों ने अपना सिर पकड़ लिया है। एक ने कहा– तो क्या अब फिल्म मेकिंग पर मूवी बन रही है? एक और ने कहा– मैं सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये डॉक्यूमेंट्री बननी चाहिए थी, ये प्रीक्वल बोलने का क्या सीन है? एक और ने कहा– ओटीटी पर रिलीज करना था न?

# अच्छे पंसारी के पास ही मिलेगा वजन कम करने का नुस्खा

*वजन कम करना चाहते हैं तो सिर्फ पेट ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर से वजन कम करना चाहिए। इसके लिए डॉक्टर का बताया घरेलू उपाय काम आ सकता है।*



क्या आप लटकती हुई तोंद से परेशान हैं, क्या आपकी पैंट या जीन्स कमर से टाइट आती है, क्या आपको बेली फैट हटाना है, क्या आप वेट लॉस करना चाहते हैं? तो एक बात को अच्छी तरह समझ लीजिए कि इसके लिए पूरे शरीर से चर्बी हटानी पड़ेगी। क्योंकि शरीर हर जगह से फैट कम करके वजन कम करता है। डॉक्टर निशांत गुप्ता ने 8 से 10 किलोग्राम घटाने का नुस्खा बताया है। इसके लिए आपको 4 चीजों की जरूरत पड़ेगी। जिसमें से एक सामग्री आपको किसी अच्छे पंसारी पर ही मिलेगी। एक्सपर्ट के मुताबिक 3 महीने में इस घरेलू उपाय से 8 से 10 किलो कम कर सकते हैं। हालांकि यह बात तो आपको पता ही होगी कि उपाय के साथ आपको एक्सरसाइज और कैलोरी इनटेक पर ध्यान देना होगा। तीनों चीजें साथ में मिलकर तेजी से वजन कम करने में मदद करती हैं।

**वेट लॉस के लिए 4 सामग्री**

■50 ग्राम कलौंजी
■50 ग्राम जीरा
■50 ग्राम सौंफ
■50 ग्राम नौसादर तवी का

**कैसे करें उपाय?**

डॉक्टर ने बताया कि सारी सामग्री को घर लाकर अच्छे से पीस लीजिए। इसे किसी एयर टाइट कंटेनर में बंद करके स्टोर कर लें। फिर सुबह–शाम खाना खाने के आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से इस पाउडर की आधा चम्मच मात्रा लेनी है। लगातार 3 महीने लेने से 8 से 10 किलो कम हो सकता है।

**वेट लास के लिए कैलोरी इनटेक**

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो पूरे दिन की कैलोरी इनटेक कंट्रोल करें। वेट लॉस के लिए लो कैलोरी फूड खाएं। इससे खाने में मिलने वाली कैलोरी पूरे दिन में इस्तेमाल होने वाली कैलोरी से कम रहेगी। फिर बॉडी एनर्जी के लिए पहले से मौजूद फैट का इस्तेमाल करेगा।

**एक्सरसाइज पर भी दें ध्यान**

खाने और इस्तेमाल होने वाली कैलोरी का अंतर बढ़ाने में एक्सरसाइज मदद करती है। आप रोजाना की शारीरिक गतिविधि को भी बढ़ाकर कैलोरी बर्निंग में बढ़ोतरी कर सकते हैं। इन टिप्स की मदद से आपका वेट लॉस जल्दी हो सकता है।



## नसों में खून, हड्डियों में कैल्शियम भर सकते हैं रागी के लड्डू

सर्दियां का मौसम जारी है और आगे भी कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। इन दिनों इम्यून सिस्टम कमजोर होने से बीमारियों का ज्यादा खतरा होता है। दूसरा इन दिनों पर्याप्त धूप नहीं मिलने से हड्डियों को विटामिन व नहीं मिल पाता है। सर्दी में बढ़ते प्रदूषण से छाती और सांस की नाली में गंदगी जमने लगती है, जिसे साफ करना जरूरी है। कमजोर इम्यूनिटी, ठंड की बीमारियां, प्रदूषण आदि से आपके शरीर में कमजोरी और थकान पैदा हो सकती है। सर्दियों में शरीर में जान भरने और इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए आप रागी लड्डू अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। राही का लड्डू कैल्शियम, फाइबर और आयरन आदि पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह शरीर को ताकत देता है, गर्म रखता है, इम्यूनिटी मजबूत करता है और सर्दियों की बीमारियों से बचाता है। रागी कैल्शियम का सबसे अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है। नियमित सेवन से ऑस्टियोपोरोसिस को रोका जा सकता है और बच्चों व बुजुर्गों की हड्डियों का विकास बेहतर होता है। रागी में मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे तत्व होते हैं, जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करते हैं, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करते हैं और दिल को स्वस्थ रखते हैं। यह लड्डू सर्दियों में सर्दी–खांसी और संक्रमण से बचाव करते हैं। रागी में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो कब्ज को रोकता है और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है।

## नियम बदलो, खुद कम होगा वजन, प्राचीन शास्त्रों का गजब उपाय

वजन कैसे कम करें? अधिकतर लोग वजन कम करने के लिए महंगी जिम जाते हैं या तरह–तरह के डाइट प्लान फॉलो करते हैं। संपूर्ण स्वास्थ्य योग केंद्र संस्थापक और आयुर्वेद एक्सपर्ट महारुद्र शंकर शेटे के अनुसार,वजन कम करने के लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं बस खाने के नियम में थोड़े बदलाव करने चाहिए। आयुर्वेद एक्सपर्ट महारुद्र ने बताया कि वजन बढ़ने की सबसे बड़ा कारण आपके खाने का तरीका है। दरअसल अधिकतर लोग शास्त्रों में बताए तरीकों के विरुद्ध खाना खा रहे हैं। चलिए जानते हैं कि लोग खाने के मामले में क्या गलती कर रहे हैं। काम या ऑफिस जाने की जल्दबाजी में अधिकतर लोग बहुत कम खाते हैं या ब्रेकफास्ट स्किप कर देते हैं। यह वजन बढ़ने का एक प्रमुख कारण है। एक्सपर्ट ने बताया कि सुबह पाचन तंत्र मजबूत होता है और खाना जल्दी से पच जाता है। सुबह का नाश्ता भरपेट करना चाहिए। इससे आपको कोई तकलीफ नहीं होगी। वजन कम होगा और पाचन बेहतर रहेगा।

# ऐसे मिथकों की सच्चाई, साइलेंट किलर को हल्के में न लें



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*हाई कोलेस्ट्रॉल एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता है, क्योंकि यह लक्षणों के अभाव में आसानी से नजरअंदाज हो सकता है। इसकी वजह से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा धीरे–धीरे बढ़ता है। लो–डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल (एलडीएलसी), जिसे आमतौर पर श्बैड कोलेस्ट्रॉलश कहा जाता है, धमनियों में प्लाक जमा कर उन्हें नुकसान पहुंचाता है।*

**नसों का आराम**

इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। साथ ही, उच्च एलडीएलसी के प्रबंधन से जुड़ी गलतफहमियां उपचार के प्रभाव को कमजोर कर सकती हैं और रोगियों के परिणामों पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। इस विषय पर सही जानकारी बेहद जरूरी है। डॉ. विवेक कुमार, वाइस चेयरमैन और चीफ ऑफ कैथ लैब, पैन मैक्स – कार्डियक साइंसेज, दिल्ली, कहते हैं, ष्एलडीएलसी को कंट्रोल करना कोई एक बार का काम नहीं है, बल्कि इसे पूरी जिंदगी सही तरीके से बनाए रखना जरूरी है। भले ही ज्यादा एलडीएलसी होने से कोई सीधा लक्षण न दिखे, लेकिन यह धीरे–धीरे आपकी धमनियों को नुकसान पहुंचाता रहता है।

**गलतफहमी के कारण सही इलाज नहीं करा पाते लोग**

डॉ. कुमार आगे कहते हैं, ष्मेरे अनुभव में, लगभग 40 प्रतिशत लोग सही जानकारी की कमी या गलतफहमियों के कारण समय पर इलाज नहीं करवा पाते। इसलिए यह जरूरी है कि लोग समझें कि एलडीएलसी को कंट्रोल करना एक सटीक और वैज्ञानिक तरीका है, जिससे हृदय की बीमारियों का खतरा कम किया जा सकता है। हर व्यक्ति की शारीरिक स्थिति और जोखिम अलग होते हैं, इसलिए हर किसी का इलाज उसके हिसाब से होना चाहिए।




**कोलेस्ट्रॉल रेंज पर रखें नजर**

एलडीएलसी के लक्ष्य स्तर को एक तय आंकड़ा माना जाता है, जबकि वास्तविकता में ये व्यक्ति के जोखिम के कारकों, फैमिली हिस्ट्री और सेहत की मौजूदा हालत पर निर्भर करता है। सीएसआई के हालिया दिशानिर्देशों में एलडीएलसी के व्यक्तिगत लक्ष्यों के महत्व पर जोर दिया गया है जोकि हरेक रोगी के जोखिम प्रोफाइल के अनुसार होना चाहिए।

**दवाओं का खयाल रखना बहुत जरूरी**

लोगों में एक आम धारणा है कि जब लोग एलडीएलसी का उपचार करा रहे हों तो जीवनशैली में बदलाव जैसे डाइट में सुधार और शारीरिक गतिविधि बढ़ाना, एलडीएलसी के लक्ष्यों को बनाए रखने के लिए पर्याप्त हैं। जिससे ऐसा जान पड़ता है कि दवाएं गैरजरूरी या बेकार हैं। जीवनशैली में बदलाव कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य में सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से एलडीएलसी के स्तर का प्रभावी नियंत्रण करने में पीछे रह जाते हैं, खासकर जिन लोगों को अधिक खतरा है।

**हर उम्र में हो सकती है कोलेस्ट्रॉल की समस्या**

एक अन्य भ्रांति है कि एलडीएलसी का बढ़ा हुआ स्तर केवल अधिक उम्र के वयस्कों के लिए होता है, जोकि समय पर बचाव के कदम उठाने को नकारता है। एलडीएलसी के बढ़े हुए स्तर के साथ कार्डियोवैस्कुलर जोखिम हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है, जिसमें युवा वयस्क भी शामिल हैं। सीएसआई के दिशानिर्देशों 2 के अनुसार युवा वयस्कों को भी समय पर डिसलिपिडीमिया के प्रबंधन के लिए लिपिड प्रोफाइल परीक्षण करवाने की सलाह दी जाती है।

## पीसीओएस वाली लड़कियों को आलू चावल नहीं खाने की सलाह सही



पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हार्मोन से जुड़ी ऐसी समस्या है, जो आज के समय में इतनी तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है, कि इसे गायनकलॉजिस्ट की फील्ड में महामारी के रूप में देखा जाने लगा है। छोटी उम्र में ही लड़कियां इसका शिकार होती नजर आ रही हैं। ऐसे में इसे लेकर अवेयरनेस बढ़ाने की ओर कदम भी ज्यादा उठाए जाने लगे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया के माध्यमों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। पीसीओएस को कंट्रोल करने में डाइट सबसे ज्यादा अहम रोल निभाती है। इससे जुड़ी कई तरह की जानकारी इंटरनेट पर अलग–अलग फॉर्मेट में फ्लोट करती दिखती है। ऐसे में ये समझना मुश्किल हो जाता है कि कौन सी जानकारी सही है और कौन सी गलत। यही बात पीसीओएस से जुड़े एक यूट्यूब वीडियो को देखकर भी कही जा सकती है। इसमें सलाह दी गई है कि अगर किसी को पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम हो तो उसे आलू, ब्रेड और चावल बिल्कुल नहीं खाना चाहिए। न्यूट्रीशनिस्ट लोपा मुद्रा ने पीसीओएस से प्रभावित लोगों के लिए सही और गलत फूड चॉइस पर बात करते हुए चीजों को समझाया। श्पीसीओएस एक इंफ्लेमेटरी कंडीशन है। जब भी आपको किसी भी तरह की इंफ्लेमेटरी कंडीशन होती है, तो ऑटोमेटिकली एंटी इंफ्लेमेटरी डायट प्लान फॉलो करना शुरू कर देना चाहिए। यानी ऐसी कोई भी चीज नहीं खाना है जिससे आपका बॉडी इंफ्लेमेशन और बढ़े।



वैभव सूर्यवंशी को कहा जा रहा मिनी ऋषभ पंत

# 13 साल के वैभव का बल्ले से धमाका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। छोटा पैकेट और बड़ा धमाका.... ये 13 साल के वैभव सूर्यवंशी पर बिल्कुल फिट बैठता है, जिन्होंने भारत की तरफ से अंडर–19 एशिया कप के मैच में हाफ सेंचुरी जड़ दी हैं। उन्होंने ये अर्धशतक यूएई के खिलाफ खेले गए मैच में ठोका। उनके अलावा ओपनर आयुष का बल्ला भी गरजा। उन्होंने भी अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के बीच 100 रन से ज्यादा की साझेदारी के दम पर भारत ने अंडर–19 एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बता दें कि हाल ही में सऊदी अरब में आयोजित हुई आईपीएल 2025 नीलामी में वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा और वह आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे युवा प्लेयर बने। 13 साल के वैभव सूर्यवंशी ने शारजाह स्टेडियम में बल्ले से मैदान के चारों तरफ जिस तरह से शॉट्स लगाकर बैटिंग की वह वाकाई तारीफ के लायक हैं। वैभव ने यूएई के खिलाफ खेले गए मैच में 46 गेंदों पर 76 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 165 का रहा। वैभव सूर्यवंशी शुरुआत से ही फॉर्म में नजर आ रहे थे। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा था कि वह आज शतक बनाने के मूड में हैं।

पहले बैटिंग करते हुए यूएई की टीम 137 रन पर सिमट गई थी। इस तरह भारत ने यूएई को हराकर अंडर–19 एशिया कप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। बता दें कि वैभव को हाल ही में आईपीएल 2025 ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब उनके इस प्रदर्शन को देखते हुए कहा जा रहा है कि राजस्थान की पसंद में कोई खराबी नहीं हैं। वैभव के इस धमाकेदार प्रदर्शन की वजह से उन्हें मिनी ऋषभ पंत सोशल मीडिया पर कहा जा रहा हैं।

# डे–नाइट टेस्ट के लिए कप्तान कर रहे डबल शिफ्ट

**क्रिकेट**

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा खेलेंगे

रोहित के बल्लेबाजी क्रम में नीचे आने के पुख्ता संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

एडिलेड। भारतीय क्रिकेट टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी क सबसे मुश्किल मैच खेलने की तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एडिलेड ओवल में दर्शकों के बीच करीब चार घंटे के नेट सत्र में डबल शिफ्ट तक अभ्यास किया। रोहित के बल्लेबाजी क्रम में नीचे आने के पुख्ता संकेत हैं जिससे फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी भारतीय पारी की शुरुआत कर सके। लेकिन कप्तान ने गुलाबी कूकाबुरा का सामना करते हुए काफी दृढ़ संकल्प दिखाया।

इस सत्र के दौरान भारतीय टीम ने अभ्यास क्षेत्र में चार नेट पर अभ्यास किया। ऐसे ही एक नेट पर यशस्वी जायसवाल और राहुल ने बारी–बारी बल्लेबाजी की जबकि शुभमन गिल और विराट कोहली दूसरे नेट पर थे। रोहित और ऋषभ पंत तीसरे नेट पर साथ अभ्यास कर रहे थे जबकि अंतिम नेट पर नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर थे। भारतीय कप्तान, पंत और अन्य सहयोगी स्टाफ के साथ कम से कम एक घंटा पहले अभ्यास के लिए आ गए।



रोहित ने नुवान सेनेविरत्ने के साइड–आर्म थ्रोडाउन के साथ दाएं हाथ के विशेषज्ञ राघवेंद्र और दयानंद गरानी की गेंदों का सामना किया। कप्तान ने लेंथ गेंद को छोड़ने का प्रयास किया लेकिन जब भी कोई शॉर्ट गेंद आती तो वह आसानी से पुल कर देते। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीय प्रशंसकों के लिए यह ओपन सत्र बच्चों के लिए कैंडी स्टोर में होने जैसा था क्योंकि वे नेट के बहुत करीब थे।

बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप और मुकेश कुमार (रिजर्व तेज गेंदबाज) की जोड़ी ने सत्र के दौरान प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुकेश ने अपनी गेंदों को हवा में घुमाया और विराट कोहली के लिए एक तरह की चुनौती पेश की। वहीं आकाश की गेंदों पर गिल सहज दिख रहे थे। भारत के नए तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने भी तेज गेंदबाजी की जिससे उनके गुरु गौतम गंभीर और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल प्रभावित हुए होंगे।

# जय शाह एक्शन में, पाकिस्तान की ड्रामेबाजी का होगा द एंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

▪पाकिस्तान क्रिकेट टीम मेजबानी को लेकर ड्रामेबाजी जारी

नई दिल्ली। 30 नवंबर तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव रहे जय शाह अब इंटरनेशनल क्रिकेट के चेयरमैन बन चुके हैं। 1 दिसंबर को आईसीसी के चेयरमैन का पदभार संभाला। उनके इस पर आसीन होते ही सबसे बड़ा मामला आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का सामने आया। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन भारत सरकार टीम को सुरक्षा कारणों से वहां भेजने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि बीसीसीआई और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी को लेकर खींचतान में उलझे हुए हैं।

बीसीसीआई का एक लाइन में जवाब है कि भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी, जबकि पीसीबी ने मेजबानी के हाइब्रिड मॉडल पर कड़ा विरोध जताया है। आईसीसी के चेयरमैन का पदभार संभालने के बाद जय शाह ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन अपने कार्यकाल के दौरान बाकी की जिम्मेदारियों पर खुलकर बात की। इसमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक और महिलाओं के खेल के विकास शामिल हैं। इस बीच क्रिकबज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जय शाह ने 5 दिसंबर को वर्चुअल बोर्ड मीटिंग बुलाई है, लेकिन कोई एजेंडा नहीं है। रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि चैंपियंस ट्रॉफी पर कोई चर्चा होगी या नहीं।


पीटीआई की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पाकिस्तान से कहा है कि या तो वह अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करे या फिर इस आयोजन से बाहर होने के लिए तैयार रहे। पीसीबी के अड़ियल रुख और ड्रामेबाजी के कारण 29 नवंबर को हुई मीटिंग में कोई फैसला नहीं हो सका।

यह समझा जाता है कि आईसीसी बोर्ड के अधिकांश सदस्य पाकिस्तान की स्थिति के प्रति सहानुभूति रखते हैं। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने की सलाह दी गई है। यदि हाइब्रिड मॉडल को अपनाया जाता है तो चैंपियंस ट्रॉफी के भारत के हिस्से के मैच यूएई में आयोजित किए जाएंगे।

## पृथ्वी शॉ को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। बीता एक हफ्ता पृथ्वी शॉ के लिए किसी शॉक के कम नहीं रहा। महज 25 साल की उम्र में पृथ्वी शॉ अपने करियर के चौराहे पर खड़े हैं। लंबे समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे पृथ्वी इस बार आईपीएल में भी नजर नहीं आएंगे। 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में आईपीएल मेगा ऑक्शन हुए, जिसमें 182 खिलाड़ी बिके। कुल 10 टीम ने मिलकर 639.15 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन पृथ्वी पर किसी ने दांव नहीं लगाया। अब इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने पृथ्वी शॉ को सलाह दी है। पीटरसन ने पृथ्वी की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफलता का स्वाद चखना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। शॉ ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था।

## न्यूज डायरी



## सारा तेंदुलकर को बनाया डायरेक्टर, सचिन तेंदुलकर ने किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट के विश्व लेवल पर अघोषित ब्रांड एम्बेसडर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर अब नई भूमिका में नजर आएंगी। उन्हें सीधे सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन में डायरेक्टर बनाया गया है। लंदन में पढ़ाई कर चुकी सारा को लेकर पहले खबरें आई थीं कि वह मॉडलिंग और एक्टिंग करेंगी, लेकिन बाद में सचिन ने साफ कर दिया था कि बेटी ऐसा कुछ नहीं करने जा रही। अब उन्होंने खुद ऐलान किया है कि समाज में संघर्ष कर रहे बच्चों को खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य में आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगी। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले महान सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा– मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन, इंडिया में डायरेक्टर के रूप में शामिल हो गई हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल और पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने साथ ही बेटी सारा का एक लक्ष्य भी बताया। उन्होंने लिखा– जब वह खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने की इस यात्रा पर निकल पड़ीं तो यह इस बात की याद दिलाता है कि ग्लोबल लर्निंग कैसे हर किसी को मिल सकती है। बता दें कि सारा तेंदुलकर मां अंजलि और पिता सचिन के साथ अक्सर फाउंडेशन के लिए काम करती दिखाई देती हैं। वह मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कई दौरों पर भी जाती रहती हैं, जहां फाउंडेशन काम कर रहा है।

## साउथ अफ्रीका दौरे के लिए बाबर की वापसी, शाहीन अफरीदी को आराम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाली टी20 वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए स्क्वाड का एलान कर दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच के लिए आराम मिलने के बाद बाबर आजम, नसीम शाह की टेस्ट स्क्वाड में वापसी हुई है। लेफ्ट आर्म पेसर शाहीन अफरीदी और स्पिनर साजिद खान को ड्रॉप किया गया है। पेसर मोहम्मद अब्बास ने स्क्वाड में शानार वापसी की है। दरअसल, पाकिस्तान की टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऑल फॉर्मेट सीरीज खेलेगी, जिसका आगाज 7 दिसंबर से होना है। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने तीनों स्क्वाड में जगह बनाई है। शाहीन अफरीदी को टेस्ट स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया। वर्कलोड को मैनेज करने के लिए और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फ्रेश रखने के लिए अफरीदी को आराम दिया गया है। सैम अयूब और सलमान अली अगा को तीनों स्क्वाड में जगह मिली है, जबकि नसीम शाह को टेस्ट और वनडे के लिए चुना गया है। खुर्राम शाहजाद और मोहम्मद अब्बास को फर्स्ट क्लास क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के चलते टेस्ट स्क्वाड में जगह मिली। साजिद खान, जो पाकिस्तान टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ टीम की जीत के रियल हीरो रहे थे, उन्हें पाकिस्तान ने ड्रॉप कर दिया। उनकी जगह वह सिर्फ एक स्पिनर नोमन अली को मौका दिया।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में हैरी ब्रूक ने मारी बाजी, हासिल किया दूसरा स्थान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर और साउथ अफ्रीका की श्रीलंका पर मिली जीत के बाद आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ा फेरबदल हुआ है। इंग्लैंड के जो रूट जो कि 895 रेटिंग के साथ टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में नंबर–1 पर काबिज हैं, उनकी जगह पर अब खतरा मंडरा रहा है। उन्हीं की टीम के खिलाड़ी हैरी ब्रूक उनसे नंबर–1 का ताज छीनने के करीब पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी, जिसके बाद उन्होंने आईसीसी रैंकिंग में 2 स्थान की छलांग लगाई है। उनके अलावा भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली समेत शुभमन गिल को नुकसान झेलना पड़ा है। आइए जानते हैं आईसीसी की ताजा रैंकिंग पर एक नजर। दरअसल, जो रूट का बल्ला इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में खामोश रहा। पहली पारी में वह शून्य पर आउट हुए, जबकि दूसरी पारी में उनके बल्ले से 23 रन निकले। हालांकि, हैरी ब्रूक की 171 रन की पारी के दम पर पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से मात दी। इस तरह जो रूट के सिर पर उनके निराशाजनक प्रदर्शन के चलते खतरा मंडराने लगा है।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आयोग अध्यक्ष ने शहरी विकास मंत्री से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने शहरों में महिलाओं के हितों, अधिकारों के साथ ही सुरक्षा को लेकर चर्चा की। कंडवाल ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अहम है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, और आधुनिकता के युग मे बढ़ते शहरीकरण में महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी टैक्नोलॉजी के उपयोग को शहरों में बढ़ाना होगा। कंडवाल ने उन्हें महिला आयोग के कार्यों की स्मारिका भी भेंट की।

### विकास योजनाओं को समय पर पूरा करें अधिकारी

**संवाददाता** देहरादून। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में पीडब्ल्यूडी और एमडीडीए के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर मसूरी विधानसभा में चल विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकास के काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने विजय कॉलोनी, ढाकपट्टी, पुरुकुल, जाखन, बुरांशखंडा गढ़, मोटीधार मरसाना, बर्लोगंज–चमासारी, क्यारा धनोल्टी, बांडावाली में चल रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आंतरिक मार्ग और सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही बरसात में क्षतिग्रस्त हुए कार्यों के पुनर्निर्माण करने को कहा।

### प्रदर्शनी में छात्रों के हुनर ने लूटी वाहवाही

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी में बुधवार को स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, लिबरल आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन की ओर से एग्जीबिशन कम सेल का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के हुनर ने खूब वाहवाही लूटी। इसमें एक ओर जहां फैशन डिजाइन के छात्रों ने फैशन से जुड़े उत्पादों को प्रदर्शित किया तो वहीं फाइन आर्ट्स के छात्रों ने ललित कला उत्पादों सहित पॉटरी उत्पादों से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के मनोज कुमार ने पॉटरी से जुड़ी अपनी विशेषज्ञता साझा की।

### मल्लखंभ खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। पीआरडी ग्राउंड तपोवन में आयोजित मल्लखंभ जिला खेल महाकुंभ में शिवालिक एकेडमी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शिवालिक एकेडमी के कुल 13 छात्र इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और अपनी मेहनत और कौशल का प्रदर्शन किया। अंडर 14 बालक वर्ग में शिवालिक अकादमी के 6 खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।

# आईएसबीटी, कारगी, टर्नर रोड का जाम और जलभराव का करना ही है निदान

**निर्देश**

■ सड़क चौड़ीकरण एवं जलभराव सुधार कार्यों में विलम्ब पर रेखीय विभागों की नही सुनी डीएम ने कोई तकरीर

■एमवी एक्ट के अर्न्तगत संचालित किए जाएंगे सड़क सुरक्षा कार्य, लोनिवि को स्टीमेट तैयार करने के निर्देश

**संवाददाता**



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में आईएसबीटी में यातायात समस्या के समाधान के सम्बन्ध में रेखीय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएमने आईएसबीटी पर अनाधिकृतरूप से वाहन खड़े होने पर रेखीय विभागों को लगाई फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। वहीं सड़क सुधारीकरण एवं ड्रेनेज कार्यों में विलम्ब पर डीएम ने कहा बहाने बाजी के स्थान पर धरातल पर दिखना चाहिए सुधार।

डीएम ने आईएसबीटी पर अधिक जाम लगने का कारण पूछने पर अधिकारियों ने बताया कि वहां पर वाहनों के सवारी चढाने–उतारने, अनाधिकृत रूप से पार्क होने पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। जिस पर जिलाधिकारी ने एसपी यातायात एवं एआरटीओ को निर्देशित किया कि यदि आईएसबीटी के बाहर वाहन खड़े पाए जाने पर सबको सीज की कार्यवाही करते हुए रेंजर्स ग्राउण्ड में एकत्रित करें। साथ ही यूटीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि वाहन एन्ट्री एवं एक्जिट गेट का प्रयोग करें तथा परिसर के अन्दर से ही सवारी बैठाएं तथा उतारें। परिसर के बाहर सवारी चढाने–उतारने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सड़क चौड़ीकरण एवं जलभराव सुधार कार्यों में विलम्बर पर डीएम ने रेखी विभागों की कोई तकरीर नही सुनी। उन्होंने स्पष्ट निर्देशत दिए कि सड़क सुधारीकरण कार्य तत्काल शुरू करें तथा आईएसबीटी पर ड्रेनेज कार्यों का सुधार अगली वर्षा से पूर्व किसी भी दशा में करना है, यह सुनिश्चित कर लें अधिकारी।

इस दौरान जिलाधिकारी कारगी चौक, आईएसबीटी आदि आसपास के क्षेत्रों में पुलिस के ड्रोन कैमरे के माध्यम से संचालित यातायात व्यवस्था का सजीव प्रसारण देखा।

जिलाधिकारी ने पाया कि आईएसबीटी परिसर के बाहर वाहन सड़क पर सवारी उतार और चढा रहें है तथा अनावश्यक वाहन भी सड़क बेतरतीब खड़े पाए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने ऐसे वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को दिए।

बैठक में सड़क सुधारीकरण को नोडल अधिकारी/उप जिलाधिकारी सदर, अधि0अभियंता लोनिवि एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किए जा रहे निरीक्षण में कई बिन्दु सामने आए हैं, जिनपर सुधारीकरण की कार्यवाही की जाने हेतु बैठक बुलाई गई।

अपर नगर आयुक्त बीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, अधि.अभि लोनिवि जितेन्द्र कुमार त्रिपाटी, प्रवीण करवाल, जीएम यूटीसी प्रवीन मेहरा, एजीएम के.पी सिंह, राजीव गुप्ता, एनएचआई देहरादून रोहित पंवार,एनएच से नवीन कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### निर्धारित स्टॉप पर ही सवारी भरें तथा उतारें वाहन

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित स्टापेज पर ही वाहन रूके, अपनी मर्जी से कहीं भी सवारी उतारने व चढाने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें, परिवहन विभाग एवं आरटीओ।

# नोटिस का अनुपालन नही होने पर होगी एफआईआर दर्ज

**बैठक**

■गुणवत्ताहीन निर्माणधीन आईटीआई भवनों के मामले में तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश

**हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ कार्य करने के कड़ी नसीहत**

मुख्य सचिव ने उत्तराखण्ड पेयजल निगम को आईटीआई सुरक्षा निर्माण सहित सभी निर्माण कार्यों में दीर्घ अवधि के विजन तथा हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ कार्य करने की कड़ी हिदायत दी है। उन्होंने आईटीआई के सुरक्षा निर्माण कार्यो के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम तथा बाउण्ड्री वॉल पर भी कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) को आधी–अधूरी एवं गुणवत्ताहीन निर्माणधीन आईटीआई भवनों के मामले में तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने यूपीआरएनएन को आधी–अधूरी एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों के कारण भुगतान वापसी हेतु नोटिस जारी करने तथा नोटिस का अनुपालन नही होने की दशा में उनके विरूद्ध प्राथिमिकी रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में आईटीआई नारसन (हरिद्वार) में सुरक्षा निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक की अध्यक्षता के दौरान मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने 187.30 लाख रूपये के प्रोजेक्ट लागत पर अनुमोदन देते हुए उत्तराखण्ड पेयजल निगम को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

आईटीआई में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने इस प्रोजेक्ट की 10 दिन के भीतर सिंचाई विभाग से टेक्नीकल परीक्षण करवाने के बाद निर्माण कार्य आरम्भ करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अगले मानसून से पहले निर्माण कार्यों को पूरा करने तथा आईटीआई कैम्पस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर सचिव सी रविशंकर सहित पेयजल निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### राफ्टिंग बेस स्टेशन के लिए सीएम ने जताया पीएम मोदी का आभार

**संवाददाता** देहरादून। केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के अंतर्गत ऋषिकेश में आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन स्वीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पयर्टन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकेश राफ्टिंग के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में अपनी जगह बना चुका है। अब यहां 100 करोड़ की लागत से राफ्टिंग बेस स्टेशन तैयार किए जाने से, राफ्टिंग गतिविधियों के लिए आधारभूत सुविधाएं विकसित हो सकेंगी। इससे ऋषिकेश में राफ्टिंग गतिविधियां तेज होंगी, जिसका लाभ आस पास के क्षेत्र में पयर्टन गतिविधियां बढ़ने के रूप में मिलेगा। पीएम मोदी के मन में उत्तराखंड के लिए विशेष स्थान है। इसके लिए उत्तराखंडवासी उनके हमेशा आभारी रहेंगे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।